HARI BHOOMI, Delhi, 16.6.2025
Page No. 10, Size:(21.88)cms X (30.94)cms.

# गेल (इंडिया) लिमिटेड को CII ग्रीनको समिट 2025 में 'ग्रीनको चैंपियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया



**नई दिल्ली।** गेल (इंडिया) लिमिटेड को हैदराबाद में आयोजित 14वें **CII** ग्रीनको समिट 2025 में प्रतिष्ठित 'ग्रीनको चैंपियन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कंपनी की ओर से श्री राजीव कुमार सिंघल, निदेशक (बिजनेस डेवेलपमेंट) ने प्राप्त किया। 'ग्रीनको चैंपियन अवार्ड' भारतीय उद्योग परिसंघ (**CII**) द्वारा उन संस्थानों को दिया जाता है जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपने लोगों, प्रक्रियाओं और नीतियों के माध्यम से मजबूत प्रतिबद्धता दिखाते हैं। गेल को यह सम्मान इसलिए मिला क्योंकि उसकी कई इकाइयों ने **CII** के ग्रीनको रेटिंग सिस्टम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मूल्यांकन प्रणाली में ऊर्जा की बचत, पानी और कचरे का प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग, हरित आपूर्ति श्रृंखला और कार्बन उत्सर्जन को कम करने जैसे मानकों के आधार पर प्रदर्शन को आँका जाता है। इस खास उपलब्धि के साथ-साथ, गेल की जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा पाइपलाइन (**JHBDPL**) – रांची सेक्शन और कोच्चि-कूट्टनाड-बेंगलुरु-मंगलुरु पाइपलाइन (**KKBMPL**) – कोच्चि सेक्शन को भी 'ग्रीनको प्लेटिनम रेटिंग' से सम्मानित किया गया है, जो ग्रीनको फ्रेमवर्क की सबसे ऊंची रेटिंग है। ये सम्मान गेल की सतत विकास यात्रा में एक बड़ा मुकाम हैं। इसके साथ ही अब गेल के कुल 10 साइट्स को ग्रीनको सर्टिफिकेशन मिल चुका है। यह सम्मान गेल की पर्यावरणीय स्थिरता, कार्बन उत्सर्जन में कमी, संसाधनों के बेहतर उपयोग और अपने मुख्य व्यापार में स्थायित्व को शामिल करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ऊर्जा क्षेत्र की एक अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी होने के नाते, गेल लगातार भारत के लिए हरित, स्वच्छ और ऊर्जा कुशल भविष्य की दिशा में काम करते हुए एक आदर्श उदाहरण बना हुआ है। गेल एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, जो भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी है।